BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 03 फरवरी, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# भट्टी ने प्राचीन मंदिरों में सुविधाएं देने का वादा किया



**खम्मम, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने रविवार को भक्तों की सुविधा के लिए प्राचीन मंदिरों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। व्यारा के लक्ष्मीपुरम में श्री रामलिंगेश्वर स्वामी मंदिर के निरीक्षण के दौरान भट्टी ने कहा कि ऐतिहासिक मंदिरों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नियमों के अनुसार संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनका बहुत ऐतिहासिक महत्व है और ये देश की समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर में अभिषेक मंडपम, कल्याण मंडपम और कॉटेज के निर्माण के लिए 3.2 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित अनुबंध अवधि के भीतर चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान व्यारा विधायक मलोथ रामदास नायक और तेलंगाना वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष रायला नागेश्वर राव भी मौजूद थे।

# स्नेहा सुगंध द्वारा आ लोट चले बचपन की ओर गोष्ठी का आयोजन




**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

स्नेह सुगंध लेडीज क्लब की मासिक गोष्ठी सम्पन्न हुई। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में श्रीमती प्रभा दूगड़ ने बताया कि स्नेह सुगंध लेडिज क्लब की रोज ग्रुप ने ..आ लौट चलें.. बचपन की ओर थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम का शुभारंभ अंजू बाफना ने किया। अध्यक्ष नीता पटेल ने सभी का स्वागत किया। सचिव संगीता सिंघवी ने पिछले महीने में किए गए कार्यक्रम का ब्यौरा प्रस्तुत किया।रोज ग्रुप के सदस्यों अंजू बाफना, कुसुम अग्रवाल, सुनीता गगड़, स्मिता दूगड़, राजश्री कोठारी, शीतल अग्रवाल एवं पद्मा अग्रवाल ने बचपन की थीम पर सुंदर सजावट की। बच्चों की पसंदीदा चॉकलेट, खटाई, चिप्स और पॉपकॉर्न आदि से सभी का स्वागत किया। शीतल अग्रवाल ने थॉट ऑफ द डे पढ़ा- मुस्कुराओ जिंदगी में जो भी घटित हो रहा है बस मुस्कुराओ। स्मिता दूगड़ ने सभी को पेंटिंग करना सिखाया। ग्रुप के सदस्यों ने मिलकर बचपन के गीत गाए। सदस्यों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार प्रभा दूगड़, द्वितीय कविता केडिया तथा तृतीय पुरस्कार आशा केड़िया को मिला । अंजू बाफना ने जन्मदिन और सालगिरह वालों को बधाई दी तथा नीता ने सबको चॉकलेट दिए। सभी सदस्यों ने सुरुचित भोज का आनंद उठाया। अंत में सचिव संगीता सिंघवी ने आभार ज्ञाप्ति किया तथा सबका साथ स्नेह की सुगंध का विकास का नारा लगाया ।








सिकंदराबाद स्थित चेर्लापल्ली बागड़ी परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित आयोजक महेश बागडी, इन्द्रपाल सैनी, गौरव सैनी, बनवारी जांगिड, विकास शर्मा, राजेश सांखला,ओमप्रकाश कटारिया, सुनील सैनी, राजेश सैनी, विजय सैनी, बनवारी सैनी व समाज बंधु।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत रविवार को लुंकाराम राखेजा (राखेजा परिवार, विजाग) द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर -सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, महेश अग्रवाल, भगतराम गोयल, दिनेश गोयल, ई. जगन (चंपापेट), प्रीतिका अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, राजेश योगा सरजी, रोहित अग्रवाल, मायारामजी अग्रवाल, रश्मित गोयल, दिशेन गोयल, प्रमोद अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अंशिका शर्मा, भरत जैन, अशोक गुप्ता एस.जे, नंद गोपाल भट्टड़, सुरेश सिंघल, सोहनलाल दाहिमा, डॉ चंद्रकला अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, प्रभाकर जी एवं राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय में ऋषि पूजन सरस्वती पूजन और वेद पारायण आयोजित

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



गायत्री वेद फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाउंडेशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा लाला महाराज के आदेशानुसार बसंत पंचमी पावन मुहुर्त में गौरी गणेश पूजन,से प्रारंभ कर ऋषि पूजन, सरस्वती पूजन तथा वेद पारायण किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के महामंत्री विशेष शर्मा ने उद्बोधन करते हुए समस्त जन मानस एवं विद्यार्थियों को बसंत पंचमी महापर्व, महामुहूर्त के महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। मुख्य रूप से ये पर्व ज्ञान, विद्या, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। शास्त्रों के अनुसार, इसी दिन मां सरस्वती का जन्म हुआ था। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान हो कर प्रकट हुई थीं। इसलिए इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। वसंत पंचमी से बसंत ऋतु की शुरुआत होती है। सनातन धर्म में मां सरस्वती की उपासना का विशेष महत्व है, क्योंकि ये ज्ञान की देवी हैं। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली का भी आशीर्वाद मिलता है।

कार्यक्रम में फाउंडेशन के ट्रस्टी हरिप्रसाद गोविंद, प्रदीप रेड्डी, आशीष शर्मा ,पंडित जगदीश शर्मा एवं विद्यालय के प्राध्यापक वेद मूर्ति आदित्य पाठक, अध्यापक वेद मूर्ति आकाश शुक्ला, ज्योतिष अध्यापक नितेश तिवारी जी एवं समस्त छात्रगण व अन्य उपस्थित थे।

# प्रथम महाआरती का भव्य आयोजन



**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में हैदराबाद में पाअनियर कॉन्सेप्ट स्कूल कांटेदान में प्रथम महाअ-रती का भव्यता के साथ आयोजन किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज द्वारा लोक कल्याण हेतु भगवती मानव कल्याण संगठन का गठन कर पूरे देश में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार एवं जन जन को नशे एवं मांस भक्षण से मुक्त, चरित्रवान एवं चेतनावान बनाने के लिए देश के हर जिले एवं तह-सीलों में महाआरती के आयोजन का आशीर्वाद प्रदान किया है। जिसमें माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा के दो घंटे की महाआरती की जाती है।

इसी क्रम में देश के अनेक क्षेत्र से होते हुए हैदराबाद में भी दि. 2 फरवरी बसंत पंचमी गुप्त नवरात्रि के अवसर पर दिव्यता पूर्ण 5 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन कर सुबह 11:00 बजे से पाअनियर कॉन्सेप्ट स्कूल कांटेदान में महाआरती प्रारंभ की गई। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष और विद्यार्थी श्रद्धालु उपस्थित हुए।

कार्यक्रम का संचालन महेंद्र चौधरी ने किया। पूज्य गुरुदेव के जयकारे शंकर लाल चौधरी द्वारा लगाए गए। मां के जयकारे नेमीचंद कुमावत द्वारा लगाए। मां की साधना के बारे में अभिषेक बिल्लोरे द्वारा बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भगवती मानव कल्याण संगठन बेंगलुरु के सचिव लवकेश सिंह ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां के तीनों स्वरूपों की आराधना एक साथ माता महिषमर्दिनी के स्वरूप में श्री शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में करना एक अद्भुत सौभाग्य है। श्री दुर्गा चालीसा पाठ में मां जगतजननी जगदंबा के सभी स्वरूपों का गुणगान एक साथ हो जाता है। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी योग ध्यान और प्राणायाम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा में विशेष लाभ मिल सके। कार्यक्रम की व्यवस्था शंकर लाल चौधरी एवं धर्मेंद्र चौधरी जी द्वारा की गई आए हुए मां के भक्तों का आभार मल्लाराम कुमावत द्वारा व्यक्त किया गया।


# बेड बनाने वाली इकाई में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मेडचल-मलकजगिरी जिले के उप्पल में एक सोफा और बेड बनाने वाली इकाई में भीषण आग लग गई । एक अधिकारी ने बताया कि चार दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, रविवार शाम को मर्फी कम्फर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सोफा और बेड बनाने वाली इकाई में आग लग गई। चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारी ने आगे बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के कारणों की अभी भी जांच की जा रही है।

# डॉ मोहनलाल निगम के निधन पर साँझ के साथी ने शोक व्यक्त किया



**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिन्दी जगत के जाने-माने कवि एवं सालारजंग संग्रहालय के पूर्व निदेशक डॉ. मोहनलाल निगम का 92वें वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साँझ के साथी के आयोजनों में अक्सर उनकी उपस्थिति हुआ करती थी। सालारजंग संग्रहालय में प्रतिवर्ष हिन्दी कवि सम्मेलन का आयोजन भी उनके कार्यकाल में हुआ करता था, इसके अतिरिक्त संग्रहालय परिसर में स्थित उनके निवास पर यदा कदा काव्य गोष्ठियों का आयोजन भी किया करते थे। हँसमुख, विनोदी स्वभाव एवं मिलनसार निगम जी की कविताएं अध्यात्म एवं प्रकृति से संबंधित हुआ करती थी।

संस्था के अध्यक्ष अजित गुप्ता, परामर्शदाता वेणुगोपाल भट्टड़, रवि श्रीवास्तव, नरेन्द्र राय, डॉ. ऋषभदेव शर्मा डॉ.अहिल्या मिश्रा एवं बिशनलाल संघी, नन्दगोपाल भट्टड़ , श्रीमती ज्योतिनारायण , पं. रामकृष्ण पाण्डेय, भँवरलाल उपाध्याय, अनिल कुमार वाजपेयी, डॉ. मोहन गुप्ता , ओमप्रकाश अग्रवाल , बजरंग भगत एवं कैलाश भट्टड़ ने डॉ मोहनलाल निगम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया ।



# भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100 साल

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**






पहिए के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं। हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरुआत की।

बिजली से चलने वाले इंजनों ने बहुत कम समय में अपनी उपयोगिता साबित करने में सफलता हासिल कर ली। ये इंजन अधिक ताकतवर, तेज और कुशल थे। कम रखरखाव के साथ ये प्रदूषण रहित थे एवं भारी-भरकम ट्रेनों को तीव्र ढलानों पर आसानी से खींच सकते थे। आरंभिक दिनों में विद्युतीकरण की लागत अधिक थी, लेकिन शहरी यातायात और मुंबई जैसे महानगरों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई।

3 फरवरी 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की।

यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जिसने इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं। वर्ष 2014-15 के बीच हर दिन करीब 1.42 किलोमीटर विद्युतीकरण किया जाता था। इस अवधि में भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर लगभग 45,200 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया।

वहीं 2023-24 के दौरान प्रतिदिन करीब 19.7 किलोमीटर विद्युतीकरण का रिकॉर्ड बना। 2014 तक देश में जहां 21801 ठघच् रहा वहीं 2014-24 के बीच विद्युतीकरण में अभूतपूर्व प्रगति हुई और महज एक दशक में 44199 ठघच् किया गया। 2025 में, जब भारत रेल विद्युतीकरण के 100 वर्षों का जश्न मनाएगा, यह उपलब्धि उस दूरदृष्टि और तकनीकी प्रगति की गवाही देगी जिसने भारतीय रेल को दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक नेटवर्क में से एक बना दिया।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने हैदराबाद में जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जी और मेघालय के राज्यपाल सीएच. विजय शंकर के साथ शिष्टाचार मुलाकात की।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाला कुख्यात अपराधी गिरफ्तार



**हैदराबाद , 2 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना पुलिस ने शनिवार रात को गच्चीबावली में प्रिज्म पब में पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक सर्वाधिक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है।

फायरिंग की घटना के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल घायल हो गया और जिसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी की पहचान चित्तूर जिले के निवासी बथुला प्रभाकर (29) के रूप में हुई है। उसके खिलाफ दोनों तेलुगु राज्यों में कुल 80 मामले लंबित हैं, जिनमें तेलंगाना के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 16 मामले शामिल हैं। हैदराबाद के मोइनाबाद पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरी के बाद अधिकारियों ने फिंगरप्रिंट और सीसीटीवी फुटेज की जांच की।

विश्लेषण से पुष्टि हुई कि संदिग्ध बथुला प्रभाकर था, जो एक कुख्यात अपराधी था जो 2023 से फरार था। प्रभाकर, जो अपनी व्यवस्थित चोरी के लिए जाना जाता है, निशान छोड़ने से बचने के लिए हमेशा मास्क पहनता था। उसने कथित तौर पर अपनी चोरी की गई संपत्ति का इस्तेमाल एक शानदार जीवन शैली के लिए किया। हालांकि, पुलिस को खुफिया जानकारी मिली कि वह गाचीबोवली के प्रिज्म पब में नियमित रूप से आता था और उसे पकड़ने की रणनीति बनाई। शनिवार की रात, पब में प्रभाकर की मौजूदगी की पुष्टि करने के बाद, माधापुर सीसीएस के हेड कांस्टेबल वेंकटरामी रेड्डी और दो अन्य कांस्टेबल वित्तीय जिला क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस को देखते ही प्रभाकर ने पब के अंदर भागने की कोशिश की, लेकिन अधिकारियों ने उसका पीछा किया।

भागने की बेताबी में उसने पुलिस पर दो राउंड फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल वेंकटरामी रेड्डी की बाईं जांघ में एक गोली लगी और पब के दो बाउंसर भी घायल हो गए। गोलीबारी के बावजूद पुलिस प्रभाकर को काबू करने में कामयाब रही। इसके बाद की गई तलाशी में उसके पास से दो बंदूकें और 23 गोलियां बरामद की गईं। घायल कांस्टेबल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जबकि प्रभाकर अब पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## बजट प्रतिक्रिया



### स्वागत योग्य बजट

राष्ट्रीय एवं मध्यम वर्गीय हित का बजट है। केंद्रीय बजट 2025 में व्यक्तिगत आयकर के लिए ब्लॉकबस्टर रहा है जिसमें 12 लाख रुपये तक आय कर छूट शानदार है। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख रुपये से 5 लाख रुपये की गई, वर्ष 2014 के बाद स्थापित 5 आईआईटी में अतिरिक्त इंफ्रा, आईआईटी पटना का विस्तार, मेडिकल कॉलेजों में 10,000 और अगले पांच सालों में 75,000 सीटें जोड़ना, एआई में उत्कृष्टता केंद्र के लिए 500 करोड़ रुपये, जीआईजी श्रमिकों के लिए सामाजिक कल्याण योजना, जल जीवन का 2028 तक विस्तार आदि घोषणाएँ स्वागत योग्य हैं।

**-मनीष अग्रवाल**
**अध्यक्ष, अग्रवाल समाज तेलंगाना**

### सराहनीय बजट



यह बजट से देश के सभी वर्गों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करेगा मोदी जी के नेतृत्व में यह बजट देश की दिशा और आत्मनिर्भर भारत के साथ साथ लोकल फॉर वोकल अति पिछड़े राज्य बिहार को शसक्त बनाने में काफी मदद मिलेगी कुल मिलाकर बहुत ही शानदार सराहनीय निर्मला सीतारमण जी को हृदय से आभार मेरी तरफ से 10 में से पूरे 10 नम्बर सभी राज्यों को ध्यान रखकर जारी किया गया है


**-सुनील कुमार पाण्डेय**
**अध्यक्ष विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ**

### अन्नदाता एवं मध्यमवर्ग के उम्मीदों पर खरा उतरा बजट



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में अपना पूर्ण बजट 2025-26 पेश किया। इस बजट में नौकरी पेशा व्यक्ततियों के लिए 12.75 लाख तक आय पर कोई टेक्स नहीं। एलईडी की कीमतों में कमी करने कि घोषणा की गई। किसानो को कपास की पैदावार बढ़ाने व उसका समुचित फायदा किसान को मिले इस विषय में पंच वर्षीय योजना का सुझाव रखा गया। साथ ही किसानों को क्रेडिट कार्ड पर लोन एवं महिलाओ को आत्मनिर्भर एवं सम्पन्नता को बढ़ावा देने का पूर्ण मान बनाया तथा महत्वपूर्ण घोषणा कि गई। जो कि काफी सरहानीय है। कुल मिलाकर यह बेहतर जीवन स्तर बनाने वाला बजट सिद्ध होगा।

**-रामदेव नागला**
**महासचिव राजस्थानी ब्राह्मण सभा एवं विप्र फाउंडेशन-जोन 16**



राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत का नगरागमन पर एबिड्स स्थित रॉयल्टन होटल में स्वागत करते हुए महेश बैंक के चेयरमैन रमेश कुमार बंग। साथ में है दिनेश कुमार बंग।

## इमारत के तहखाने में लगी आग

**हैदराबाद , 2 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हैदराबाद के पुराने शहर में किशन बाग एक्स रोड पर रविवार तड़के एक इमारत के तहखाने में भीषण आग लग गयी।सूचना मिलने पर पुलिस, पांच दमकल गाड़ियां और किशन बाग पार्षद मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया।पुलिस ने इमारत से निवासियों को सफलतापूर्वक बाहर निकाला जबकि दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया।इमारत में आग से निकलने वाला घना धुआं ऊपरी मंजिलों तक फैल गया। बहादुरपुरा एमआईएम विधायक बचाव प्रयासों की निगरानी कर रहे हैं। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



प्रयागराज महाकुंभ तीर्थ यात्रा से लौटे एडवोकेट प्रदीप परतानी का स्वागत करते हुए जी. किशोर, बी. नागेवर एवं सुरेश कुमार शर्मा।



हेल्दी हैदराबाद चिकित्सिय परीक्षण योजना का रविवार को हैदरगुड़ा अपोलो में वरिष्ठ कानूनी सलाहकार एवं अग्रसेन बैंक के अध्यक्ष प्रमोद कुमार केड़िया ने अपने समस्त परिवार के साथ पूरे शरीर का शारीरिक परीक्षण करवाया एवं सभी को अपोलो की इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

## 22वाँ वसंतोत्सव कवि सम्मेलन निराला जयंती समारोह 8 को

**हैदराबाद, 2 फ़रवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 601वीं वार्षिक पारंपरिक गल्प संध्या और नगरद्वय के कवियों की सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी के तत्वावधान में 22वाँ वसंतोत्सव (वसंत पंचमी 3 फ़रवरी, 2024) के संदर्भ में कवि सम्मेलन, निराला जयंती समारोह एवं निराला जयंती व्याख्यान का आयोजन शनिवार, 8 फ़रवरी, 2025 को सायं 5-00 बजे से नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में संपन्न होगा।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए इस समारोह के मुख्य संयोजक और सुप्रसिद्ध समाज सेवी श्री अमृत कुमार जैन एवं गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि समारोह में महाकवि निराला के जीवन दर्शन और साहित्य पर इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) हैदराबाद के प्रबंधक (राजभाषा) एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (पीएसयू) के सदस्य सचिव डॉ. राजनारायण अवस्थी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री बृहस्पति शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में 60 वसंत दर्शन कर चुके कवियों सर्वश्री संतोष कुमार मिश्र 'माधुर्य', राजेश पिव्हाल, जयेश कुमार महेंद्रा, गोविंद मिश्रा, अंजनी कुमार गोयल, और दिनेश सिंह को गीत चाँदनी निराला सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

इस अवसर पर गल्प संध्या में डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, डॉ. ख्वाजा फरीदुदीन सादिक़, बृहस्पति शर्मा और जी. परमेश्वर अपनी कहानियों का पाठ करेंगे और नगर के कवि गीत चाँदनी के अध्यक्ष श्री चंपालाल बैद की अध्यक्षता में काव्य पाठ कर महाकवि निराला को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गीत चाँदना के पदाधिकारीगण कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी विशेष भूमिका का निर्वाह करेंगे। विज्ञप्ति में कार्यक्रम की व्यवस्थापिका श्रीमती रत्नकला मिश्र ने सभी कवियों, काव्य-प्रेमियों और श्रोताओं से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं गौरवान्वित करने का निवेदन किया है। इस अवसर पर जलपान की व्यवस्था भी रहेगी।



बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं में फल आदि वितरित करते हुए माथुर वैश्य इंटरनेशनल भाग्यनगर अध्यक्ष सपना गुप्ता।



बसंत पंचमी के अवसर पर केडिया कॉलेज चादरघाट में सरस्वती माता की पूजा-अर्चना करते हुए जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जायसवाल एवं अन्य।

## सूफी बसंतोत्सव का आयोजन




**हैदराबाद, 02 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अखिल भारतीय मरकज़ी मजलिस-ए-चिस्तिया के तत्वावधान में एवं तेलंगाना आर्टस एंड कल्चरल काउन्सिल के आयोजकत्व में सूफी बसंतोत्सव का आयोजन उर्दू गली पत्थरगट्टी में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

इस कार्यक्रम में हैदराबाद में अमेरिकी महावाणिज्यदूत सुश्री जेनिफर लार्सन, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के उप-उच्चायुक्त महामहिम गैरेथ व्यान ओवेन और हैदराबाद में तुर्की के महावाणिज्यदूत महामहिम ओरहान यलमन ओकान सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। जिसमें महफिल ए निजामी (कव्वली) आयोजित किया। इस अवसर स्नेप्स इंडिया के संपादक मो. शम्सुद्दीन और प्रमुख व्यवसायी एवं परोपकारी कल्पेश शाह एवं अन्य उपस्थित थे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं का एक महत्वपूर्ण जमावड़ा था, जो इस आयोजन के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का सम्मान करने के लिए एक साथ आए।

### केटीआर ने साधा कांग्रेस पर निशाना, कहा

## अन्नपूर्णा तेलंगाना बनी आत्महत्याओं की भूमि

**हैदराबाद, 2 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके एक साल के शासन में सभी क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे किसानों और उभरते उद्यमियों में आत्महत्या के मामले बढ़ गए हैं।

श्री राव ने एक्स पर लिखा कि के. चंद्रशेखर राव ने अपने दस साल के कार्यकाल में भुखमरी और आत्महत्याओं से जूझ रहे राज्य को अन्नपूर्णा में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा राज्य है, जिसने देश के खाद्य उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।केटीआर ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह लोगों की सरकार नहीं है, बल्कि यह लोगों को परेशान करने वाली सरकार है। उन्होंने तेलंगाना के रियल एस्टेट सेक्टर में कथित गिरावट पर नाराजगी जताई और इसके लिए हाइड्रा और मुसी सफाई जैसी परियोजनाओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने चिंता जताई कि उद्यमियों के लिए निवेश के अवसर कम हो गए हैं और सरकार पर शिकारी ऋण प्रथाओं को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। केसीआर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए केटीआर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र को मजबूत किया, किसानों को आवश्यक सहायता प्रदान की और उनमें विश्वास जगाया। इसके विपरीत, उन्होंने सिंचाई के पानी की कमी, बिजली की कमी, फसलों की खरीद में विफलता, किसानों को आश्वासन की अनुपस्थिति और ऋण माफी में देरी को किसानों के बीच बढ़ते संकट के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

**CHANGE OF NAME**
I, CHANDRA DAS spouse of Army No.15818271N Hav SUMAN DAS R/o.vill: Vivekanandanagar, post : Bablagobindapur, Teh: Ranaghat, Dist:Nadia, West Bengal - 741404 have changed my name from CHANDRA DAS to CHANDRA DAS BISWAS vide affidavit dt:01/02/2025 before C Sameul, Advocate and notary, secunderabad.

## राज्य सरकार की अव्यवस्था से

# हैदराबाद की सड़कों पर दिनभर होता है ट्रैफिक जाम, लोग हो रहे हैं परेशान

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या से लोग खासे परेशान हैं। ऐसा कोई दिन नहीं जाता, जब शहर की सड़कों पर दिनभर में कई बार ट्रैफिक जाम की स्थिति न बनती हो। सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम-केबीआर नेशनल पार्क, चारमीनार, चादरघाट, एसपी रोड (बेगमपेट के पास), मलकपेट, एमजे मार्केट-नमपल्ली टी-जंक्शन, मसाब टैंक-विरिंची अस्पताल, मेहदीपट्नम-नानल नगर में होता है। इसका परिणाम जनता को झेलना पड़ रहा है। राज्य सरकार की अव्यवस्था और ट्रैफिक पुलिस विभाग की अनुशासनहीनता के कारण सड़कों पर निकलना दूभर कर दिया है।

ट्रैफिक जाम की समस्या रविवार को भी सड़कों पर दिख रही है। शहर में दुकानों के बाहर सड़क पर ही खड़े होकर बड़े वाहन लोडिंग अनलोडिंग कर रहे हैं, ट्रैफिक जाम की है यह भी एक मुख्य वजह है।

ट्रैफिक जाम के कारण जरूरी काम या अस्पताल जा रहे हैं ।

राज्य सरकार इस ओर थोड़ा-सा भी ध्यान नहीं रही है। ट्रैफिक पुलिस विभाग का काम अब केवल चालान काटना रह गया है। जिससे लोग ट्रैफिक सिग्नल का पालन नहीं कर रहे। इन दिनों हैदराबाद में कोई भी लाड बाजार की चुड़ियों, बिरयानी या इरानी चाय के बारे में बात नहीं कर रहा है। जिस एक चीज के बारे में हैदराबाद में इन दिनों चर्चाओं का बाजार गर्म है, वह है ट्रैफिक की रफ्तार। जी हां, पिछले कई महीनों के दौरान हैदराबाद में ट्रैफिक की औसत रफ्तार में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारों के लगे रहने से न सिर्फ लोगों को आवाजाही करने में समस्या हो रही है बल्कि...हर दिन लगने वाले जाम में फंसने की वजह से आम लोगों की जिंदगी पर भी इसका प्रभाव पड़ता नजर आ रहा है।





### अनगिनत यू-टर्न, हैदराबाद के यात्री रुक-रुक कर चलने पर मजबूर

हैदराबाद सिटी पुलिस से प्राप्त तथ्यों के आधार पर बताया गया है कि इस साल जनवरी में भी जहां हैदराबाद की औसत रफ्तार 22 किमी/घंटा दर्ज की गयी है, उसमें अब काफी गिरावट दर्ज की गयी है। अतिरिक्त कमिश्नर के हवाले से बताया गया कि साल 2023 में हैदराबाद में ट्रैफिक की औसत रफ्तार 15-18 किमी/घंटा दर्ज की गयी थी, जिसमें जनवरी 2024 में सुधार हुआ था।

लेकिन पिछले 10 महीनों के दौरान हैदराबाद में ट्रैफिक की औसत रफ्तार में एक बार फिर से गिरावट दर्ज की गयी है और अब हैदराबाद की औसत रफ्तार 18 किमी/घंटा हो गयी है। सिर्फ इतना ही नहीं, हैदराबाद के सर्विलेंस कैमरों में जितनी भी ट्रैफिक नियमों को तोड़ने के मामले पकड़े गये हैं उनका लगभग 75% इस साल की पहली छमाही में दर्ज किया गया था।

अगर साप्ताहिक विश्लेषण की बात की जाए तो हैदराबाद में ट्रैफिक जाम की सर्वाधिक समस्या सोमवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को ही दर्ज की जाती है। जिसमें दो प्रमुख समयों सुबह के 10 और शाम को 7 बजे हैदराबाद के प्रमुख इलाकों में सबसे ज्यादा ट्रैफिक होता है। ट्रैफिक के इस बहाव में सबसे ज्यादा ऑफिस आवाजाही करने वाले लोग और आईटी राजधानी साइबराबाद आने-जाने वाली गाड़ियां होती हैं। हैदराबाद में ट्रैफ़िक जाम की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

पिछले दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के माधापुर दौरे के दौरान साइबर टावर्स जंक्शन पर ट्रैफ़िक जाम लगा था। बेगमपेट, पंजगुट्टा और खैरताबाद एक्स रोड जैसे प्रमुख जंक्शनों पर ट्रैफ़िक जाम लगा था। हालांकि शनिवार को ट्रैफिक के बहाव में थोड़ी कमी आ जाती है। बताया जाता है कि शनिवार को ट्रैफिक का प्रमुख समय सुबह 11 बजे से शुरू होता है जो दोपहर तक जारी रहता है। उसी तरह शाम को ट्रैफिक का सर्वाधिक बहाव रात को 8 या 10 बजे के बाद शुरू होता है, लेकिन वह भी चुनिंदा इलाकों में। क्या आपने कभी सोचा है कि ट्रैफिक जाम भी आपकी मेंटल हेल्थ बिगाड़ सकता है। दरअसल, ट्रैफिक जाम में फंसने की वजह से लोगों में चिड़चिड़ापन और गुस्से की भावना बढ़ती है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

# तेलंगाना जाति जनगणना रिपोर्ट जारी



### 46.25 प्रतिशत आबादी पिछड़ा वर्ग की

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने बहुप्रतीक्षित जाति जन-गणना रिपोर्ट आधिकारिक तौर पर जारी कर दी है, जो राज्य की जनसंख्या और जनसांख्यिकी का गहन विवरण प्रदान करती है। नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने राज्य सचिवालय में कैबिनेट उप-समिति द्वारा व्यापक चर्चा के बाद मीडिया के सामने विवरण प्रस्तुत किया।

जाति जनगणना के अनुसार, तेलंगाना की कुल जनसंख्या 3,54,77,554 है, जिसमें राज्य में 1,12,15,134 परिवार रहते हैं। जन-गणना में सामाजिक श्रेणियों के संदर्भ में निम्नलिखित प्रमुख आंकड़े उजागर किए गए हैं- अनुसूचित जातियां (एससी) : 61,84,319 (कुल जनसंख्या का 17.43%), नुसूचित जनजातियाँ (एसटी) : 37,05,929 (कुल जनसंख्या का 10.45%), पिछड़ा वर्ग (बीसी) : 1,64,09,179 (कुल जनसंख्या का 46.25%)। जाति जनगणना में राज्य में मुस्लिम आबादी के बारे में भी विस्तृत आंकड़े पेश किए गए हैं। तेलंगाना में कुल मुस्लिम आबादी 12.56% दर्ज की गई है, जिसे समुदाय को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

बीसी मुसलमान : 35,76,588 (कुल जनसंख्या का 10.85%), 2) ओसी मुसलमान : 8,80,424 (कुल जनसंख्या का 2.48%)। अन्य जातियाँ (ओ.सी.) : जनगणना में उच्च जाति के हिंदुओं (ओ.सी.) की जनसंख्या कुल जनसंख्या की 15.79% दर्ज की गई। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि ये निष्कर्ष राज्य की जनसांख्यिकीय संरचना की स्पष्ट तस्वीर पेश करते हैं, विशेष रूप से हाशिए पर पड़े और पिछड़े समुदायों के संबंध में।कैबिनेट उप-समिति ने निष्कर्षों पर विस्तृत चर्चा की और मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने जनता को आश्वासन दिया कि सोमवार की कैबिनेट बैठक के दौरान आगे की चर्चा होगी। एक बार मंजूरी मिलने के बाद, जाति जनगणना रिपोर्ट तेलंगाना विधानसभा के एक विशेष सत्र में पेश की जाएगी, जहाँ सदस्य विचार-विमर्श करेंगे और निष्कर्षों पर अपनी प्रतिक्रिया देंगे। रेड्डी ने यह भी बताया कि विधानसभा में गहन चर्चा के बाद रिपोर्ट को औपचारिक रूप से अनुमोदित किया जाएगा, जिससे जाति जनगणना से प्राप्त अंतर्दृष्टि के आधार पर भविष्य की नीति कार्यान्वयन के लिए मंच तैयार हो जाएगा।

इस रिपोर्ट से तेलंगाना के विभिन्न सामाजिक और आर्थिक समूहों के लिए संसाधनों और विकास कार्यक्रमों के आवंटन के संबंध में सरकारी नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

## बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव ने श्री राज राजेश्वरी मंदिर में दर्शन किए

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बजरंग सेना के तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष एनआर लक्ष्मण राव ने अपने परिवार के साथ वेमुलावाड़ा स्थित श्री राज राजेश्वरी मंदिर में दर्शन किए और पीठासीन देवता के दिव्य दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने लोगों की खुशहाली और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। इस शुभ अवसर पर वेद पंडितों ने उन्हें आशीर्वाद दिया और पारंपरिक सम्मान के साथ उनका सम्मान किया। एनआर लक्ष्मण राव ने आध्यात्मिक अनुभव के लिए आभार व्यक्त किया





और तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया।

समाज की मजबूती और एकता के लिए प्रार्थना के साथ यात्रा का समापन हुआ, जिसमें भारत के साथ सनातन धर्म के मूल्यों को कायम रखा गया। उक्त कार्यक्रम में किरण, वाणीश्री, कावरी, अनुराधा, पद्मा, अशोक, नीलेश, धनुष, दीक्षिता और अन्य शामिल हुए।

## मूसी कायाकल्प परियोजना : तेलंगाना सरकार विस्थापित परिवारों को 25,000 और डबल बेडरूम देगी

**हैदराबाद, 02 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने मूसी नदी के विकास कार्यों से विस्थापित परिवारों की सहायता के लिए मूसी पुनरुद्धार परियोजना के तहत 37.50 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा की है। नगर प्रशासन विभाग ने धनराशि को अधिकृत किया है, जिसे मूसी नदी विकास निगम को निर्देशित किया जाएगा, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके। इस पहल के तहत, मूसी नदी के किनारे से विस्थापित किए जा रहे कुल 15,000 परिवारों को 25,000 रुपए का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि निकासी की प्रक्रिया जारी है और यह मुसी कायाकल्प परियोजना के एक बड़े हिस्से के रूप में जारी रहेगी, जिसका उद्देश्य नदी और उसके आस-पास के इलाकों की स्थिति में सुधार करना है।



वित्तीय सहायता के अलावा, राज्य सरकार ने पहले ही मूसी नदी विकास से विस्थापित लोगों को डबल बेडरूम वाले घर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई है। पुनर्वास प्रक्रिया के तहत कुछ विस्थापितों को पहले ही घर आवंटित किए जा चुके हैं, और आगे की व्यवस्था पाइपलाइन में है।

नगर प्रशासन के प्रमुख सचिव एम. दाना किशोर ने पुष्टि की कि मूसी नदी के पुनर्वास से प्रभावित लोगों के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में 16,000 घरों के आवंटन के लिए सरकारी आदेश जारी किया गया है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है कि विस्थापित व्यक्तियों को पर्याप्त आवास और सहायता प्रदान की जाए। प्रभावित परिवारों की संख्या का सही आकलन करने के लिए, मूसी नदी के किनारे तीन जिलों में कई महीनों तक व्यापक सर्वेक्षण किया गया। राजस्व अधिकारियों ने नदी के किनारे और बफर जोन में स्थित 10,200 संरचनाओं की पहचान की। इसके अतिरिक्त, विस्थापन से प्रभावित लोगों की पहचान और सत्यापन के लिए जिला कलेक्टरों की देखरेख में घर-घर सर्वेक्षण किया गया।

एम. दाना किशोर ने बताया कि इस प्रक्रिया में नदी क्षेत्र से अतिक्रमण हटाना भी शामिल है, तथा प्रत्येक पात्र पीड़ित को कानूनी दिशानिर्देशों के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है।

37.50 करोड़ रुपए जारी करने के साथ, सरकार ने मूसी कायाकल्प परियोजना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह धनराशि विस्थापित परिवारों को सुचारू रूप से स्थानांतरित होने में मदद करेगी, यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें उचित मुआवजा मिले और परियोजना के आगे बढ़ने के साथ-साथ उनकी ज़रूरतें भी पूरी हों।मूसी पुनरुद्धार परियोजना एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य नदी और उसके आसपास के क्षेत्रों के पर्यावरणीय स्वास्थ्य में सुधार लाना है, तथा विस्थापित लोगों को आवास और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सरकार का प्रयास इसके सफल कार्यान्वयन का एक अनिवार्य हिस्सा है।

REQUIRED
खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
Hindi Daily


PERSONAL SECRETARY
COMPANY SECRETARY (CS)
(Full Time, 10 Years Experience)
ADVOCATE
(Full Time, 10 Years Experience)
Drivers of Truck & Trailer
(Required 10 Drivers)
REPORTERS
(Knowledge of Hindi, English, Telugu)
PHOTOGRAPHER
OFFICE ASSTS.
OFFICE BOYS
COLLECTION ASSTS.
Interview Timing : 04.00pm to 6.00 pm
RN Metals Pvt. Ltd
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
Contact : 040-23774718, 040-23774719, 9160111471

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.